॥०३॥०४॥

कपिकेतनमीश्वरमर्थयतो मृतिजन्मजरापदनोदयत: ।
भविकस्य महोत्सवसिद्धिमियादत एव यजे ह्यभिनंदनकं ।।

ॐ ह्रीं अभिनंदनजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– વાંદરાનું ચિહ્ન છે જેમને એવા ઈશ્વર, પ્રાર્થના કરનારાઓના જન્મ-જરા-મૃત્યુને દૂર કરનારા, જેમનાથી ભવ્યોને મહોત્સવની સિદ્ધિ થાય છે એવા શ્રી અભિનંદનસ્વામીની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૦૪॥

भावार्थ :– बंदर का है चिह्न जिनका ऐसे ईश्वर, प्रार्थना करने वालों के जन्म, जरा, मृत्यु को दूर करनेवाले, जिनसे भव्यों के महोत्सव की सिद्धि होती है ऐसे अभिनंदनस्वामी की मैं पूजा करता हूँ। ॥०३॥०४॥

सुमतिनाथ जी

॥०३॥०५॥

सुमतिं श्रितमर्त्यमतिप्रकरार्पणतोऽर्थकराख्यमवाप्तशिवं ।
महयामि पितामहमेतदधिजगतीत्रयमूर्जितभक्तिनुतः ।।

ॐ ह्रीं सुमतिनाथजिनेन्द्रायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– આશ્રિત પ્રાણીઓને બુદ્ધિનું પ્રકર્ષ પ્રદાન કરનારા તથા પ્રયોજનની સિદ્ધિ કરનારા ત્રણ જગતના પિતામહરૂપ શ્રી સુમતિનાથ ભગવાનની હું ભક્તિભાવથી પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૦૫॥

भावार्थ :– आश्रित प्राणियों को बुद्धि के प्रकर्ष को देने वाले, तथा प्रयोजन की सिद्धि करने वाले तीन जगत के पितामह रूप सुमतिनाथ भगवान की मैं भक्तिभाव से पूजा करता हूँ। ॥०३॥०५॥

पद्मप्रभ जी

॥०३॥०६॥

धरणेशभवं भवभावमितं जलजप्रभमीश्वरमानमताम् ।
सुरसंपदियर्त्ति न केति यजे चरुदीपफलैः सुरवासभवैः ।।

ॐ ह्रीं पद्मप्रभजिनेन्द्रायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– ધરણેશ રાજાના પુત્ર સંસાર અભાવને પ્રાપ્ત રત્નકમળ ચિહ્નના ધારક એવા શ્રી પદ્મપ્રભ જિનેન્દ્રની પૂજા કરનારાને સ્વર્ગની સંપત્તિ કેમ નહીં મળે? આથી સ્વર્ગના ચરૂ, દીપ અને ફળ આદિથી હું પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૦૬॥

भावार्थ :– धरणेश राजा के पुत्र संसार अभाव को प्राप्त, रक्त कमल चिह्न के धारक ऐसे पद्मप्रभ जिनेन्द्र की पूजा करने वालों को स्वर्ग की सम्पत्ति क्यों नहीं मिलेगी ? अत: स्वर्ग के चरु दीप फलादि से मैं पूजा करता हूँ। ।॥०३॥०६॥

सुपार्श्वनाथ जी

॥०३॥०७॥

शुभपार्श्वजिनेश्वरपादभुवां रजसां श्रयत: कमलाततय: ।
कति नाम भवंति न यज्ञभुवि नयितुं महयामि महध्वनिभि: ।।

ॐ ह्रीं सुपार्श्वनाथजिनेन्द्रायार्घम् ।

ભાવાર્થ :- શ્રી સુપાર્શ્વનાથ જિનેન્દ્રના ચરણોથી ઉત્પન્ન રજનો આશ્રય કરનારાઓને એવી કઈ લક્ષ્મી છે કે જેની પરંપરા પ્રાપ્તિ નથી થતી? આથી યજ્ઞભૂમિમાં ઉત્સવની પ્રાપ્તિ માટે હું તેમની પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૦૭॥

भावार्थ :- सुपार्श्वनाथ जिनेन्द्र के चरणों से उत्पन्न रज का आश्रय करने वालों को कौन सी लक्ष्मी की परम्परा प्राप्त नहीं होती है ? इसलिए यज्ञ भूमि में उत्सव की प्राप्ति के लिए मैं उनकी पूजा करता हूँ। ॥०३॥०७॥

चंद्रप्रभ जी

॥०३॥०८॥

मनसा परिचिंत्य विधुः स्वरसात् मम कांतिहृतिर्जिनदेहघृणेः।
इति पादभुवं श्रितवानिव तं जिनचंद्रपदांबुजमाश्रयत॥

ॐ ह्रीं चन्द्रप्रभजिनेन्द्रायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– ચંદ્રએ વિચાર્યું કે મારા શરીરની કાંતિનું હરણ ભગવાન શ્રી ચંદ્રપ્રભના શરીરના કિરણોએ કર્યું હોવાથી તેણે ભગવાનના ચરણપીઠનો આશ્રય લઈ લીધો છે એવા શ્રી ચંદ્રપ્રભ જિનના ચરણારવિંદનો આશ્રય લઈને પૂજા કરો. ॥૦૩॥૦૮॥

भावार्थ :– चन्द्रमा ने सोचा की मेरे शरीर की कांति का हरण भगवान चन्द्रप्रभ के शरीर की किरणों ने किया है इसलिए उसने भगवान के चरणपीठ का आश्रय ले लिया, ऐसे चन्द्रप्रभजिन के चरणारविंद का आश्रय लेकर पूजा करो। ॥०३॥०८॥

पुष्पदंत जी

॥०३॥०९॥

सुमदंतजिनं नवमं सुविधीतिपराहमखंडमनंगहरं ।
शुचिदेहततिप्रसरं प्रणुतात् सलिलादिगणैर्यजतां विधिना ।।

ॐ ह्रीं पुष्पदंतजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– ધવલદેહની કાંતિને ધારણ કરનારા નવમાં તીર્થંકર શ્રી પુષ્પદંત, અખંડ કામને હરનારા અપર નામ ધારક શ્રી સુવિધિ જિનેન્દ્રને નમસ્કાર કરો અને જલ આદિ દ્રવ્યોથી વિધિપૂર્વક પૂજા કરો. ॥૦૩॥૦૯॥

भावार्थ :– धवल देह की कांति को धारण करने वाले पुष्पदंत नवम तीर्थंकर अखंड काम को हरने वाले सुविधि अपर नाम के धारक जिनेन्द्र को नमस्कार करो एवं जलादि द्रव्यों से विधि पूर्वक पूजा करो। ॥०३॥०९॥

शीतलनाथ जी

॥०३॥१०॥

शीतं सुखं य इहं लाति सदा सुजीवान्
तं शीतलं प्रणिगदंति यतिश्वराद्या: ।
तं शीतल श्रयत भव्यजना हि भक्त्या
यस्याश्रयेण भवतीह ममापि सौख्यम् ।।

ॐ ह्रीं शीतलजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– દસમા (તીર્થંકર) શ્રી શીતલનાથ જિનની પૂજા કરનાર પ્રાણીઓને અતિ અધિક ધન - ધાન્યની સમૃદ્ધિ મળે છે એવા શ્રી શીતલનાથ ભગવાનના શરણે હું પણ જાઉં છું. કે જેથી મને પણ સુખની પ્રાપ્તિ થાય. ॥૦૩॥૧૦॥

भावार्थ :– दशवें शीतलनाथ जिन की पूजन करने वाले प्राणियों को अत्यधिक धनधान्य की समृद्धि होती है, उन शीतलनाथ भगवान की शरण को मैं भी प्राप्त होता हूँ। मुझे भी सुख की प्राप्ति हो। ॥०३॥१०॥

श्रेयांसनाथ जी

॥०३॥११॥

श्रेयोजिनस्य चरणौ परिधार्य चित्ते
संसारपंचतयदुर्भ्रमणव्यपायः ।
श्रेयोऽर्थिनां भवति तत्कृतये मयाऽपि
संपूज्यते यजनसद्विधिषु प्रशस्य ।।

ॐ ह्रीं श्रेयोजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– શ્રી શ્રેયાંસનાથ ભગવાનના ચરણોનો ચિત્તમાં વિચાર કરનારા કલ્યાણના ઇચ્છુકોના પાંચ પ્રકાર પરાવર્તનના દૂરભ્રમણનો નાશ થાય છે. તે કાર્ય માટે હું પણ યજ્ઞવિધિમાં તેઓની પ્રશંસા કરીને પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૧૧॥

भावार्थ :– श्रेयांसनाथ भगवान के चरणों का चित्त में विचार करने वाले कल्याण के इच्छुकों के पाँच प्रकार परावर्तन के दुर्भ्रमण का नाश होता है, उस कार्य के लिए मैं भी यज्ञविधि में प्रशंसा करके पूजा करता हूँ। ॥०३॥११॥

वासुपूज्य जी

॥०३॥१२॥

इक्ष्वाकुवंशतिलको वसुपूज्यराजा,
यज्जन्मजातकविधौ हरिणार्चितोऽभूत् ।
तद्वासुपूज्यजिनपार्चनया पुनीतः
स्यामद्य तत्प्रतिकृतिं चरुभिर्यजामि ।।

ॐ ह्रीं वासुपूज्यजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :- જેમનો જન્મ થતાં જ ઈક્ષ્વાકુવંશના તિલક વસુપૂજ્ય રાજા ઈન્દ્ર દ્વારા પૂજ્ય થયા એવા શ્રી વાસુપૂજ્ય જિનની પૂજા કરીને હું પવિત્ર થયો એવો હું આજે તેમના બિંબની નૈવેદ્યથી પૂજા કરું છું.॥०३॥१२॥

भावार्थ :- जिनके जन्म होते ही इक्ष्वाकुवंश के तिलक वसुपूज्य राजा इन्द्र के द्वारा पूजित हुए, उन वासुपूज्य जिन की पूजा कर मैं पवित्र हुआ आज उनके बिंब की नैवेद्य से पूजा करता हूँ। ॥०३॥१२॥

विमलनाथ जी

॥०३॥१३॥

कांपिल्यनाथकृतवर्मगृहावतारं
श्यामाजयाहजननीसुखदं नमामि ।
कोलध्वजं विमलमीश्वरमध्वरेऽस्मि
न्नर्चे द्विरुक्तमलहापनकर्मसिद्धये ।।

ॐ ह्रीं विमलनाथजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કંપિલા નગરીના રાજા કૃતવર્માને ત્યાં અવતાર લેનારા અને શ્યામા માતાને સુખ દેનારા, શૂકરના ચિહ્નથી યુક્ત શ્રી વિમલ જિનેન્દ્રની, દ્રવ્ય અને ભાવ બંને પ્રકારના મળને દૂર કરવા માટે આ યજ્ઞમાં હું પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૧૩॥

भावार्थ :– कंपिला नगरी के राज कृतवर्मा के यहाँ अवतार लेने वाले एवं श्यामामाता को सुख देने वाले, शूकर के चिह्न से युक्त विमल जिनेन्द्र की इस यज्ञ में, द्रव्य और भाव दोनों प्रकार के मलों को दूर करने के लिए मैं पूजा करता हूँ। ॥०३॥१३॥

अनंतनाथ जी

॥०३॥१४॥

साकेतनायकनृपस्य च सिंहसेन
नाम्नस्तनूजममरार्चितपादपद्मं ।
संपूजयामि विविधार्हणया ह्यनंत
नाथं चतुर्दशजिनं सलिलाक्षतौधैः ।।

ॐ ह्रीं अनंतजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– અયોધ્યા નગરીના સિંહસેન રાજાના પુત્ર અને દેવો દ્વારા જેમના ચરણકમળ પૂજિત છે એવા ચૌદમા શ્રી અનંતનાથ જિનની હું જળ, અક્ષત આદિથી વિવિધ પ્રકારે હું પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૧૪॥

भावार्थ :– अयोध्या नगरी के राजा सिंहसेन राजा के पुत्र और देवों के द्वारा जिनके चरण कमल पूजित हैं ऐसे चौदहवें अनन्तनाथ जिन की मैं जल, अक्षत आदि से नाना प्रकार से पूजा करता हूँ। ॥०३॥१४॥

धर्मनाथ जी

॥०३॥१५॥

धर्मं द्विधोपदिशता सद्सींद्रधार्ये
किं किं न नाम जनताहितमन्वदर्शि ।
श्रीधर्मनाथ ! भवतेति सदर्थनाम
संप्राप्तयेऽर्चनविधिं पुरतः करोमि ।।

ॐ ह्रीं धर्मनाथजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કુબેર રચિત સમવસરણ સભામાં મુનિ અને શ્રાવકના ભેદથી બે પ્રકારનો ઉપદેશ દેનારા હે શ્રી ધર્મનાથ ભગવાન! આપે પ્રાણીઓના હિત માટે શું શું નથી દેખાડ્યું? તેથી ધર્મની પ્રાપ્તિ માટે હું આપની સમક્ષ પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૧૫॥

भावार्थ :– कुबेर रचित समवसरण सभा में मुनि और श्रावक के भेद से दो प्रकार का उपदेश देने वाले हे धर्मनाथ भगवान ! आपने प्राणियों के हित के लिए क्या-क्या नहीं दिखलाया ? इसलिए धर्म की प्राप्ति के लिए मैं आपके सामने पूजा करता हूँ। ॥०३॥१५॥

शांतिनाथ जी

॥०३॥१६॥

श्रीहस्तिनागपुरपालकविश्वसेन:
स्वांके निवेश्य तनयामृतपुष्टितुष्ट:।
ऐराऽपि सा सुकुरुवंशनिधानभूमि
र्यस्माद् बभूव जिनशांतिमिहाश्रयामि ।।

ॐ ह्रीं शांतिजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– શ્રી હસ્તિનાપુરના સ્વામી રાજા વિશ્વસેને પોતાના ખોળામાં સ્થાપિત કરીને પુત્રને અમૃતથી પુષ્ટ કરી તુષ્ટ કર્યા. ઐરા નામની રાણી પણ જેમના નિમિત્તે કુરુવંશના નિધાનની ભૂમિ બની એવા શ્રી શાંતિનાથનું શરણ હું પ્રાપ્ત કરું છું. ॥૦૩॥૧૬॥

भावार्थ :– श्रीमान हस्तिनापुर के स्वामी राजा विश्वसेन ने अपनी गोद में स्थापित कर पुत्र को अमृत से पुष्ट कर तुष्ट किया। ऐरा नामक रानी भी जिनके निमित्त से कुरुवंश के निधान की भूमि हुयी, उन शांतिनाथ की शरण को मैं प्राप्त होता हूँ। ॥०३॥१६॥

कुंथुनाथ जी

॥०३॥१७॥

श्रीकुंथुनाथजिनजन्मनि षण्णिकाय
जीवा: सुखं निरुपमं बुभुजुर्विशंकं ।
किं नाम तत्स्मृतिनिराकुलमानसोऽहं
भुंजे न सत्त्वरमतोऽर्चनमारभेय ।।

ॐ ह्रीं कुंथुनाथजिनायार्घम्

ભાવાર્થ :– જે શ્રીમાન કુંથુનાથ જિનેન્દ્રના જન્મથી છ કાયના બધા જ જીવ નિ:શંક સુખને પ્રાપ્ત થયા તો પછી તેમનું સ્મરણ કરીને નિરાકુળ ચિત્તવાળો હું સુખ કેમ ન ભોગવું ? ॥૦૩॥૧૭॥

भावार्थ :– जिन श्रीमान कुंथुनाथ जिनेन्द्र के जन्म में छह काय के सभी जीव नि:शंक सुख को प्राप्त हुए, तब उनका स्मरण कर निराकुल चित्तवाला मैं सुख क्यों नहीं भोगूँगा ? ॥०३॥१७॥

अरनाथ जी

॥०३॥१८॥

सद्दर्शनप्लुतसुदर्शनभूपपुत्रं
त्रैलोक्यजीववररक्षणहेतुमित्रम् ।
श्रीमित्रसेनजननीखनिरत्नमर्चे
श्रीपुष्पचिह्नमरनाथजिनेंद्रमर्थ्यम् ।।

ॐ ह्रीं अरनाथजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– ક્ષાયિક સમ્યક્ત્વથી, પવિત્ર સુદર્શન રાજાના પુત્ર અને ત્રણલોકના જીવોની રક્ષા માટે મિત્ર સ્વરૂપ તથા મિત્રસેના માતારૂપી ખાણના રત્નસ્વરૂપ, મત્સ્ય ચિહ્ન યુક્ત, પ્રાર્થનીય શ્રી અરનાથ જિનેન્દ્રની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૧૮॥

भावार्थ :– क्षायिक सम्यक्त्व से पवित्र सुदर्शन राजा के पुत्र और तीन लोक के जीवों की रक्षा के लिए मित्र स्वरूप तथा मित्रसेना माता रूपी खान के रत्नस्वरूप, मच्छ चिह्न युक्त प्रार्थनीय अरनाथ जिनेन्द्र की मैं पूजा करता हूँ। ॥०३॥१८॥

मल्लिनाथ जी

॥०३॥१९॥

कुंभोद्भवं धरणिदु:खहरं प्रजाव
त्यानंदकारकमतंद्रमुनींद्रसेव्यं ।
श्रीमल्लिनाथविभुमध्वरविघ्नशांत्यै
संपूजये जलसुचंदनपुष्पदीपैः ।।

ॐ ह्रीं मल्लिजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કુંભ રાજાથી ઉત્પન્ન, પૃથ્વીના દુઃખ દૂર કરનારા તથા પ્રજાવતી માતાના આનંદકર્તા અને નિરાલસ મુનિઓની સેવા પ્રાપ્ત એવા શ્રી મલ્લિનાથ જિનેન્દ્રની આ યજ્ઞના વિઘ્નોની શાંતિ માટે હું જળ, ચંદન, પુષ્પ, દીપ આદિથી પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૧૯॥

भावार्थ :– कुंभराजा से उत्पन्न, पृथ्वी के दुःख दूर करने वाले तथा प्रजावती माता के आनंदकर्त्ता और निरालस मुनियों से सेवा प्राप्त ऐसे मल्लिनाथ जिनेन्द्र की इस यज्ञ के विघ्नो की शांति के लिए मैं जल, चंदन, पुष्प, दीप आदि से पूजा करता हूँ। ॥०३॥१९॥

मुनिसुव्रतनाथ जी

॥०३॥२०॥

राजत्सुराजहरिवंशनभोविभास्वान्
वप्रांबिकाप्रियसुतो मुनिसुव्रताख्य: ।
संपूज्यते शिवपथप्रतिपत्यहेतु
र्यज्ञे मया विविधवस्तुभिरर्हणेऽस्मिन् ।।

ॐ ह्रीं मुनिसुव्रतनाथजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– સુંદર છે રાજા જેમાં એવા હરિવંશરૂપ આકાશમાં સૂર્ય સમાન અને વપ્રા નામક માતાના પ્રિય પુત્ર, મોક્ષમાર્ગની પ્રાપ્તિમાં કારણ, શ્રી મુનિસુવ્રત જિનેન્દ્રની હું આ યજ્ઞમાં વિવિધ વસ્તુઓથી પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૨૦॥

भावार्थ :– सुन्दर है राजा जिसमें ऐसे हरिवंश रूप आकाश में सूर्य समान और वप्रा नामक माता के प्रिय पुत्र, मोक्षमार्ग की प्राप्ति में कारण ऐसे श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्र की मैं इस यज्ञ में विविध वस्तुओं से पूजा करता हूँ। ॥०३॥२०॥

नमिनाथ जी

॥०३॥२१॥

सन्मैथिलेशविजयाह्वगृहेऽवतीर्ण
कल्याणपंचकसमर्चितपादपद्मं।
धर्मंबुवाहपरिपोषितभव्यशस्यं
नित्यं नमिं जिनवरं महसार्चयामि ।।

ॐ ह्रीं नमिनाथजिनेन्द्रायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– મિથિલા નગરીના વિજય નામના રાજાના ગૃહમાં અવતીર્ણ થયા અને પંચકલ્યાણકથી પૂજિત ચરણકમળવાળા, ધર્મરૂપી મેઘથી ભવ્યજીવરૂપી ધાન્યને પુષ્ટ કરનારા એવા શ્રી નમિનાથ સ્વામીની હું નિત્ય ઉત્સાહથી પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૨૧॥

भावार्थ :– मिथिला नगरी के विजय नामक राजा के गृह में अवतीर्ण हुए एवं पंचकल्याणक से पूजित चरण कमल वाले धर्म रूपी मेघ से भव्य जीव रूपी धान्य को पुष्ट करने वाले ऐसे नमिनाथस्वामी की मैं नित्य उत्साह से पूजा करता हूँ। ॥०३॥२१॥

नेमिनाथ जी

॥०३॥२२॥

द्वारावतीपतिसमुद्रजयेशमान्यं
श्रीयादवेशबलकेशवपूजितांह्रिं ।
शंखांकमंबुधरमेचकदेहमर्चे
सद्ब्रह्मचारिमणिनेमिजिनं जलाद्यैः ।।

ॐ ह्रीं नेमिनाथजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– દ્વારાવતી નગરીના સ્વામી સમુદ્રવિજય રાજા દ્વારા માન્ય, શ્રીમાન યાદવ વંશના સ્વામી બળભદ્ર અને નારાયણથી પૂજિત છે ચરણ જેમના, શંખ ચિહ્ન યુક્ત મેઘ સમાન શ્યામ દેહ શરીરવાળા અને મહાન બ્રહ્મચારીઓમાં શિરોમણિ એવા શ્રી નેમિનાથ જિનેન્દ્રની હું જલ આદિ દ્રવ્યોથી પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૨૨॥

भावार्थ :– द्वारावती नगरी के स्वामी समुद्रविजय राजा के द्वारा मान्य श्रीमान यादववंश के स्वामी बलभद्र और नारायण से पूजित हैं चरण जिनके, शंख चिह्न युक्त, मेघ समान श्याम देह वाले, एवं महान ब्रह्मचारियों में शिरोमणि ऐसे श्री नेमिनाथजिनेन्द्र की मैं जलादि द्रव्यों से पूजा करता हूँ। ॥०३॥२२॥

पार्श्वनाथ जी

॥०३॥२३॥

काशीपुरीशनृपभूषणविश्वसेन
नेत्रप्रियं कमठ शाठ्यविखंडनेनं ।
पद्माहिराजविबुधव्रजपूजनांकं
वंदेऽर्चयामि शिरसा नतमौलिनीत: ।।

ॐ ह्रीं पार्श्वजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– વારાણસી નગરીના રાજાઓના આભૂષણ સ્વરૂપ, એવા વિશ્વસેન રાજાના નેત્રપ્રિય પુત્ર અને કમઠની શઠતાનું વિખંડન કરવાવાળા તથા પદ્માવતી અને ધરણેન્દ્ર આદિ દેવોથી પૂજનનું ચિહ્ન પ્રાપ્ત, એવા શ્રી પાર્શ્વનાથ જિનેન્દ્રની હું મસ્તક નમાવીને હું પૂજા નમસ્કાર કરું છું. ॥૦૩॥૨૩॥

भावार्थ :– वाराणसी के राजाओं के आभूषण स्वरूप ऐसे विश्वसेन राजा के नेत्रप्रिय पुत्र और कमठ की शठता का विखंडन करने वाले तथा पद्मावती और धरणेन्द्र आदि देवों से पूजन का चिह्न प्राप्त ऐसे पार्श्वनाथ जिनेन्द्र की मैं मस्तक झुकाकर पूजा नमस्कार करता हूँ। ॥०३॥२३॥

॥०३॥२४॥

सिद्धार्थभूपतिगणेन पुरस्क्रियाया
मानंदतांडवविधौ स्वजनु: शशंसे ।
श्रीश्रेणिकेन सदसि ध्रुवभूपदाप्त्यै
यज्ञेऽर्चयामि वरवीरजिनेंद्रमस्मिन् ।।

ॐ ह्रीं वर्धमानजिनेन्द्रायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– સિદ્ધાર્થ રાજાએ પોતાના સત્કારમાં આનંદ નામના તાંડવ નૃત્યથી પોતાનો જન્મ સાર્થક કર્યો અને રાજા શ્રેણિકે સમવસરણ સભામાં નિશ્ચળ પદની પ્રાપ્તિ માટે પૂજા કરી, હું પણ આ યજ્ઞમાં શ્રી વીર જિનેન્દ્રની પૂજા કરું છું. ॥૦૩॥૨૪॥

भावार्थ :– सिद्धार्थ राजा ने अपने सत्कार में आनंद तांडव नृत्य से अपना जन्म सार्थक किया और राजा श्रेणिक ने समवसरण सभा में निश्चल पद की प्राप्ति के लिए पूजा की, मैं भी इस यज्ञ में वीर जिनेन्द्र की पूजा करता हूँ। ॥०३॥२४॥

सामूहिक अर्घ

॥०३॥२५॥

अत्राहूँतसुपर्वपर्वनिकरे बिंबप्रतिष्ठोत्सवे
संपूज्याश्चतुरुत्तरा जिनवरा विंशप्रमाः संप्रति ।
संजाग्रत्समया दयैकसुकृतानुद्धार्य मोक्षं गता–
स्तेऽत्रागत्य समस्तमध्वरकृतं गृह्णंतु पूजाविधिं ।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् यागमंडले यज्ञमुख्यार्चित तृतीय वलयोन्मुद्रित वर्तमान चतुर्विंशति जिनेभ्यः पूर्णार्घम् ।

ભાવાર્થ :– અહીં આહ્વાનન કરવામાં આવેલ દેવો દ્વારા આ બિંબપ્રતિષ્ઠા ઉત્સવમાં પૂજવામાં આવેલા વર્તમાન ચોવીસ તીર્થંકર જેમનો સમય પ્રગટ છે તથા જે દયાવાન પુરુષોનો ઉદ્ધાર કરીને મોક્ષને પ્રાપ્ત થયા છે, તેઓ બધા અહીં આવીને યજ્ઞકૃત સમસ્ત પૂજાની વિધિને ગ્રહણ કરે. ॥૦૩॥૨૫॥

भावार्थ :– यहाँ आह्वानन किये गये देवों द्वारा इस बिंबप्रतिष्ठा उत्सव में पूजे गये वर्तमान चौबीस तीर्थंकर जिनका समय प्रगट है तथा जो दयावान पुरुषों का उद्धार कर मोक्ष को प्राप्त हुए हैं वे सभी यहाँ आकर यज्ञ कृत समस्त पूजा की विधि को ग्रहण करें। ॥०३॥२५॥

चतुर्थ वलय परिचय

वलय में अर्घ्य की संख्या : २५ (भविष्य काल के २४ तीर्थंकर के २४ अर्घ्य और १ समुच्च्य अर्घ्य)

वलय का विषय एवं संक्षिप्त परिचय : इस वलय में भरतक्षेत्र के भविष्यकाल के २४ तीर्थंकर भगवंतों की पूजन की है। भविष्यकाल के श्री महापद्म से लेकर श्री अनन्तवीर्य तीर्थंकर तक जिनकी दिव्यध्वनि की अविरल धारा में अनेक भव्य जीव चैतन्य रस का रसपान करेंगे, उन प्रत्येक तीर्थंकर को अर्घ्य समर्पित किया है।

वलय एवं अर्घ्य का दृशिकरण : श्री आदिनाथ भगवान के निर्वाण के बाद भरत चक्रवर्ती ने ९ निधि मैं से नैसर्प निधि से कैलाश पर्वत पर ७२ जिनालय की रचना की थी। यहाँ पर हमने कैलाश पर्वत और तीन चोबीसी के ७२ जिनालय का दिव्य दृशीकरण देवों द्वारा रचित दर्शाने की काल्पनिक भावनात्मक कोशीष की है। इन प्रत्येक जिनालयों में सोनगढ़ के अध्यात्ममूर्ति पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के पवित्र करकमल से प्रतिष्ठित एवं उनके प्रभावना योग मैं स्थापित जिन प्रतिमाओं को दर्शाया गया है।

महापद्म जी

॥०४॥०१॥

पद्मा चलेत्यंकनलुप्तिकामा जिनस्य पादावचलौ विचार्य ।
यत्पादपद्मे वसतिं चकार सोऽयं महापद्मजिनोर्च्यतेऽर्घैः ॥

ॐ ह्रीं महापद्मजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– આ લક્ષ્મી ચંચળ છે, આ દોષથી મુક્ત થવાની ઈચ્છાથી લક્ષ્મીએ જિનેન્દ્ર ભગવાનના ચરણોને અચલ સમજીને ભગવાનના ચરણોમાં નિવાસ કર્યો છે એવા આ શ્રી મહાપદ્મ જિનેન્દ્રની આપણે અર્ઘ્યથી પૂજા કરીએ છીએ. ॥૦૪॥૦૧॥

भावार्थ :– यह लक्ष्मी चंचल है, इस दोष को लुप्त करने की इच्छा से जिनेन्द्र भगवान के चरणों को अचल विचार कर लक्ष्मी ने भगवान के चरणों में निवास किया है, ऐसे इन महापद्मजिनेन्द्र की हम अर्घों से पूजा करते हैं। ॥०४॥०१॥

सुरप्रभ जी

॥०४॥०२॥

देवाश्चतुर्भेदनिकायभिन्नास्तेषां पदौ मूर्धनि संदधानः।
तेनैव जातं सुरदेवनाम तमर्चये यज्ञविधौ जलाद्यैः।।

ॐ ह्रीं सुरप्रभजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– જે દેવ નિકાયની અપેક્ષાએ ચાર ભેદને પ્રાપ્ત છે તેમણે પોતાના મસ્તક ઉપર આપના ચરણ આદિ ધારણ કર્યા છે તેથી આપનું નામ શ્રી સૂરદેવ સાર્થક થયું. હું યજ્ઞવિધિમાં જલાદિ દ્રવ્યોથી આપની પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૦૨॥

भावार्थ :– जो देव निकाय की अपेक्षा चार भेद को प्राप्त हैं उन्होंने अपने मस्तक पर आपके चरणादि धारण किये हैं, इसीलिये आपका नाम सुरदेव सार्थक हुआ मैं यज्ञविधि में जलादि द्रव्यों से आपकी पूजा करता हूँ। ॥०४॥०२॥

सुप्रभ जी

॥०४॥०३॥

सेवार्थमुत्प्रेक्ष्य न भूतिदाता कारुण्यबुद्धयैव ददाति लक्ष्मीं।
यतो जिन: सुप्रभुरायसार्थं नामार्चयेऽहं विधिनाध्वरीयै:।।

ॐ ह्रीं सुप्रभुजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– પ્રાણીઓની સેવાથી પ્રસન્ન થઈને સંપત્તિ નથી આપતાં પરંતુ કરુણાબુદ્ધિથી લક્ષ્મી આપે છે. તેથી જેમને શ્રી સુપ્રભ આ સાર્થક નામ પ્રાપ્ત થયું છે તેમની હું યજ્ઞ દ્રવ્યોથી પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૦૩॥

भावार्थ :– प्राणियों की सेवा से प्रसन्न होकर संपत्ति नहीं देते किन्तु करुणा बुद्धि से ही लक्ष्मी देते हैं । इसलिए जिनको सुप्रभ यह सार्थक नाम प्राप्त हुआ है उनकी मैं यज्ञ द्रव्यों से पूजा करता हूँ। ॥०४॥०३॥

स्वयंप्रभ जी

॥०४॥०४॥

न केनचित्पदृविधायिमोक्षसाम्राज्यलक्ष्म्या: स्वयमेव लब्धं ।
स्वयंप्रभत्वं स्वयमेव जातं यस्याचर्यते पादसरोजयुग्मं ।।

ॐ ह्रीं स्वयंप्रभदेवायार्घम्।

ભાવાર્થ :– જેમને કોઈએ પણ મોક્ષના સામ્રાજ્યની લક્ષ્મીનો પટ્ટ નથી બાંધ્યો પરંતુ સ્વયં પ્રાપ્ત થયો છે, આ કારણે જેમને શ્રી સ્વયંપ્રભ નામ પ્રાપ્ત થયું છે, તેમના ચરણકમળ યુગલની અમે પૂજા કરીએ છીએ. ॥૦૪॥૦૪॥

भावार्थ :– जिन्हें किसी ने भी मोक्ष साम्राज्य को लक्ष्मी का पट्ट नहीं बांधा है, किन्तु स्वयं प्राप्त हुआ है इसलिए जिन्हें स्वयंप्रभ नाम प्राप्त हुआ है उनके चरण कमल युगल की हम पूजा करते हैं ॥०४॥०४॥

सर्वायुध जी

॥०४॥०५॥

सर्वं मनःकायवचःप्रहारे कर्मागसां शस्त्रमभूद् यतो यः ।
सर्वायुधाख्यामगमन्मयाद्य संपूज्यतेऽसौ कृतुभागभाज्यैः ।।

ॐ ह्रीं सर्वायुधदेवायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કર્મરૂપી પાપનો નાશ કરવા માટે જેમના મન, વચન, કાય સર્વે શસ્ત્રરૂપ થઈ ગયા હતાં તેથી તેઓ શ્રી સર્વાયુધ નામને પ્રાપ્ત થયા, એ જિનન્દ્રની હું આ યજ્ઞનું ફળ પ્રાપ્ત કરવા માટે પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૦૫॥

भावार्थ :– जिनके मन-वचन-काय कर्मरूपी पापों के नाश करने के लिए सर्वशस्त्र रूप हो गये थे इसलिए वह सर्वायुध नाम को प्राप्त हुए उन जिनेन्द्र की मैं इस यज्ञ के फल प्राप्त करने के लिए पूजा करता हूँ। ॥०४॥०५॥

जयदेव जी

॥०४॥०६॥

कर्मद्विषां मूलमपास्य लब्धो जयोऽन्यमर्त्यैरपि योऽनवाप्यः ।
ततो जयाख्यामुपलभ्यमानो मयार्हणाभिः परिपूज्यतेऽसौ ।।

ॐ ह्रीं जयदेवायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કર્મરૂપી વેરીઓને મૂળથી જ દૂર કરીને જેઓ જયને પ્રાપ્ત થયા છે કે જે અન્ય પ્રાણીઓ માટે દુર્લભ હોવાથી જેમને શ્રી જય નામ પ્રાપ્ત થયું છે, તેમની હું શ્રેષ્ઠ સામગ્રીથી પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૦૬॥

भावार्थ :– कर्मरूपी वैरियों को मूल से ही दूर कर जो जय को प्राप्त हुए वह अन्य प्राणियों को अप्राप्य है, इसीलिए जिन्हें जय नाम प्राप्त हुआ उनकी मैं श्रेष्ठ सामग्री से पूजा करता हूँ। ॥०४॥०६॥

उदयप्रभ जी

॥०४॥०७॥

आत्मप्रभावोदयनान्नितांतं लब्धोदयत्वादुदयप्रभाख्यां ।
समाप यस्मादपि सार्थकत्वात् कृतार्चनं तस्य कृती भवामि ।।

ॐ ह्रीं उदयप्रभजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :- આત્માના પ્રભાવનો નિરંતર ઉદય થવાથી જેમને શ્રી ઉદયપ્રભ આ સાર્થક નામ પ્રાપ્ત થયું છે, તેમની પૂજા કરીને હું પુણ્યનો ભાગી (ભાગીદાર) થાઉં છું. ॥૦૪॥૦૭॥

भावार्थ :- आत्मा के प्रभाव का निरंतर उदय होने से जिन्हें उदयप्रभ यह सार्थक नाम प्राप्त हुआ है मैं उनकी पूजा करके पुण्य का भागी होता हूँ। ॥०४॥०७॥

प्रभादेव जी

॥०४॥०८॥

प्रभा मनीषा प्रकृतिर्मतिर्ज्ञाप्रभृत्युदीर्णैकफलेति मत्वा ।
जाता प्रभादेव इति प्रशस्तिस्ततोऽर्चनातोहमपि प्रयामि ।।

ॐ ह्रीं प्रभादेवजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– પ્રભા, મનિષા, પ્રકૃતિ, મતિ અને જ્ઞા આદિ શબ્દ એક ઉત્કૃષ્ટ ફળના ભાવાર્થમાં છે એવું માનીને જેમની શ્રી પ્રભાદેવ એવી પ્રશસ્ત ખ્યાતિ થઈ છે તેથી હું તેમની પૂજાવિધિ કરું છું. ॥૦૪॥૦૮॥

भावार्थ :– प्रभा, मनीषा, प्रकृति, मति और ज्ञा आदि शब्द एक उत्कृष्ट फल के भावार्थ में हैं ऐसा मानकर जिनकी प्रभादेव यह प्रशस्त ख्याति हुयी है, इसलिए मैं उनकी पूजा विधि को करता हूँ। ॥०४॥०८॥

उदंकदेव जी

॥०४॥०९॥

उदंकदेव त्वयि भक्तिभोग्या घटी घटी सा न तदुच्यते हा ।
त्वामेव लब्ध्वा जननं प्रयातं वरं यतस्त्वां भगवन् महामि ।।

ॐ ह्रीं उदंकदेवजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– હે શ્રી ઉદંકદેવ! આપની ભક્તિમાં જે સમય વ્યતીત થયો, તે ઓછો નથી થયો ભાવાર્થાત્ નિરર્થક નથી થયો પરંતુ આપને પ્રાપ્ત કરીને આ જીવન સફળ થઈ ગયું કે જેથી હું આપની પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૦૯॥

भावार्थ :– हे उदंकदेव ! आपकी भक्ति में जो घड़ी व्यतीत हुई वह घटी नहीं भावार्थात् निरर्थक नहीं हुई बल्कि आपको प्राप्त करके यह जीवन सफल हो गया इसलिए मैं आपकी पूजा करता हूँ। ॥०४॥०९॥

प्रश्नकीर्ति जी

॥०४॥१०॥

सुरासुरस्वांतगतभ्रमैकविध्वंसने प्रश्नकृतोपपत्त्या ।
कीर्तिं ययौ प्रोष्ठिलमुख्यनामस्तवैर्निरुक्तोऽहमुदंचयामि ।।

ॐ ह्रीं प्रश्नकीर्तिजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– પ્રશ્નની પ્રાપ્તિથી સુર અને અસુરના મનમાં ઉત્પન્ન થયેલા ભ્રમની સમાપ્તિથી જેમને કીર્તિ પ્રાપ્ત થઈ છે તથા જેમનું શ્રી પ્રૌષ્ઠિલ એવું બીજું નામ છે એવા આદિ નામની નિરુક્તિને અનુરૂપ શ્રી પ્રશ્નકીર્તિ દેવની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૦॥

भावार्थ :– प्रश्न की प्राप्ति से सुर असुरों के मन में उत्पन्न हुए भ्रम की समाप्ति से जिन्हें कीर्ति प्राप्त हुई है तथा जिनका प्रोष्ठिल दूसरा नाम है, आदि नाम की निरुक्ति के अनुरूप में प्रश्नकीर्ति देव की मैं पूजा करता हूँ। ॥०४॥१०॥

जयकीर्ति जी

॥०४॥११॥

पापाश्रवाणां दलनाद् यशोभिर्व्यक्तेर्जयात् कीर्तिसमागमेन ।
निरुक्तलक्ष्म्यै जयकीर्तिदिवं स्तवस्रजा नित्यमुपाचरामि ।।

ॐ ह्रीं जयकीर्तिदिवायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– પાપાસ્રવોના નાશથી યશ પ્રગટ થવાથી, જયથી, કીર્તિના સમાગમથી, નિરુક્તિ અને લક્ષણથી જેમને શ્રી જયકીર્તિ દેવ નામ પ્રાપ્ત થયું છે એવા જિનેન્દ્રદેવની હું નિત્ય સ્તુતિમાળા ભાવાર્થાત્ સ્તુતિથી પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૧॥

भावार्थ :– पापास्रवों के दलन से यश के प्रगट होने से, जय से, कीर्ति के समागम से, निरुक्ति और लक्षण से जिन्हें जयकीर्ति देव नाम प्राप्त हुआ है, उन जिनेन्द्रदेव की मैं नित्य स्तुति माला भावार्थात् स्तुतियों से पूजा करता हूँ। ॥०४॥११॥

पूर्णबुद्धि जी

॥०४॥१२॥

कैवल्यभानातिशये समग्रा बुद्धिप्रवृत्तिर्यत उत्तमार्था ।
तत्पूर्णबुद्धेश्चरणौ पवित्रावर्घ्येण यायज्मि भवप्रणष्ट्यै ।।

ॐ ह्रीं पूर्णबुद्धिजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કેવળજ્ઞાન ઉત્પત્તિના અતિશયથી સંપૂર્ણ બુદ્ધિની પ્રવૃત્તિ ઉત્તમ પ્રયોજનવાળી થાય છે. તેથી હું સંસારનો નાશ કરવા માટે શ્રી પૂર્ણબુદ્ધિ નામક જિનેન્દ્રના પવિત્ર ચરણોની અર્ઘ ચડાવીને પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૨॥

भावार्थ :– केवलज्ञान उत्पत्ति के अतिशय में सम्पूर्ण बुद्धि की प्रवृत्ति उत्तम प्रयोजनवाली होती है, इसलिए पूर्णबुद्धि नामक जिनेन्द्र के पवित्र चरणों की मैं संसार का नाश करने के लिए चरणों में अर्घ्य चढ़ाकर पूजा करता हूँ। ॥०४॥१२॥

निःकषाय जी

॥०४॥१३॥

क्रोधादयश्चात्मसपत्नभावं स्वधर्मनाशान्न जहत्युदीर्णं।
तेषां हतिर्येन कृता स्वशक्तेस्तं निःकषायं प्रयजामि नित्यं ।।

ॐ ह्रीं निःकषायजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– ક્રોધાદિ કષાયો આત્માના ધર્મ (ગુણો)નો નાશ કરવાના કારણ હોવાથી આત્માના વેરી છે. તેઓ પોતાની નિકૃષ્ટતા છોડતાં નથી એટલે શ્રી નિઃકષાય જિનેન્દ્રએ પોતાની શક્તિથી તે કષાયોનો નાશ કર્યો છે તેથી હું તેમની પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૩॥

भावार्थ :– क्रोधादि कषायें आत्मा के धर्म (गुणों) का नाश करने के कारण आत्मा की वैरी हैं। वे अपनी उत्कटता नहीं छोड़ती हैं और निःकषाय जिनेन्द्र ने अपनी शक्ति से उन कषायों का नाश किया है इसलिए मैं उनकी पूजा करता हूँ। ॥०४॥१३॥

विमलप्रभ जी

॥०४॥१४॥

मलव्यपायान्मननात्मलाभाद् यथार्थशब्दं विमलप्रभेति ।
लब्धं कृतौ स्वीयविशुद्धिकामा: संपूजयामस्तमनर्घ्यजातं ।।

ॐ ह्रीं विमलप्रभदेवायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કર્મરૂપ મળનો નાશ કરવાના કારણે અને મનનથી આત્મવિશુદ્ધિના લાભને કારણે સાર્થક નામના અમૂલ્ય પદને પ્રાપ્ત એવા શ્રી વિમલપ્રભ જિનેન્દ્રની હું આ યજ્ઞમાં પોતાની વિશુદ્ધિ માટે પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૪॥

भावार्थ :– कर्मरूप मल का नाश करने के कारण एवं मनन से आत्म विशुद्धि के लाभ के कारण सार्थक नाम वाले अमूल्य पद को प्राप्त ऐसे विमलप्रभ जिनेन्द्र की मैं इस यज्ञ में अपनी विशुद्धि के लिए पूजा करता हूँ। ॥०४॥१४॥

बहुलप्रभ जी

॥०४॥१५॥

भास्वद्गुणग्रामविभासनेन पौरस्त्यसंप्राप्तविभावितानं ।
संस्मृत्य कामं बहुलप्रभं तं समर्चये तद्गुणलब्धिलुब्धः ॥

ॐ ह्रीं बहुलप्रभदेवायार्घम् ।

ભાવાર્થ :- દૈદીપ્યમાન ગુણોના સમૂહને પ્રકાશિત કરીને જેમને પ્રભાનો સમૂહ પ્રાપ્ત થયો છે, એ ગુણોની પ્રાપ્તિનો ઇચ્છુક હું શ્રી બહુલપ્રભ જિનેન્દ્રની પૂર્ણ મનોભાવથી પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૫॥

भावार्थ :- दैदीप्यमान गुणों के समूह को प्रकाशित करके जिन्हें प्रभा का समूह प्राप्त हुआ है, उन गुणों की प्राप्ति का इच्छुक मैं बहुलप्रभ जिनेन्द्र की पूर्ण मनोभाव से पूजा करता हूँ। ॥०४॥१५॥

निर्मलनाथ जी

॥०४॥१६॥

नीराभ्ररत्नानि सुनिर्मलानि प्रवाद एषोऽनृतवादिनां वै ।
येन द्विधा कर्ममलो निरस्तः स निर्मलः पातु सदर्चितो माम् ।।

ॐ ह्रीं निर्मलजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– જળ, આકાશ, રત્ન એ તો નિર્મળ છે; આ ખોટું બોલવાવાળાનો ખોટો પ્રવાદ છે. જેમણે બંને પ્રકારના મળનો નાશ કર્યો છે એવા શ્રી નિર્મલનાથ ભગવાનની હું પૂજા કરું છું. તેઓ મારી રક્ષા કરો. ॥૦૪॥૧૬॥

भावार्थ :– जल, आकाश, रत्न ये निर्मल हैं, यह झूठ बोलनेवालों का झूठा प्रवाद है । जिन्होंने दोनों प्रकार के मलों का नाश कर दिया है, ऐसे निर्मलनाथ भगवान की मैं पूजा करता हूँ। वे मेरी रक्षा करें। ॥०४॥१६॥

चित्रगुप्ति जी

॥०४॥१७॥

मनोवचःकायनियंत्रणेन चित्राऽस्ति गुप्तिर्यदवाप्तिपूर्तेः ।
तं चित्रगुप्ताह्वयमर्चयामि गुप्तिप्रशंसाप्तिरियं मम स्यात् ।।

ॐ ह्रीं चित्रगुप्तिजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– મન, વચન, કાયાને વશમાં કરવાથી જેમને ચંદ્રગુપ્તિ નામ પ્રાપ્ત થયું છે. મને પણ પ્રશસ્ત ગુપ્તિની પ્રાપ્ત થાય તે માટે હું શ્રી ચંદ્રગુપ્તિ જિનેન્દ્રની પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૭॥

भावार्थ :– मन-वचन-काय को वश में करने से जिन्हें चित्रगुप्ति नाम प्राप्त हुआ है। मुझे भी प्रशस्त गुप्ति की प्राप्ति हो, इसलिए मैं चित्रगुप्ति जिनेन्द्र की पूजा करता हूँ। ॥०४॥१७॥

समाधिगुप्त जी

॥०४॥१८॥

अपारसंसारगतौ समाधिर्लब्धो न यस्माद् विहित: स येन ।
समाधिगुप्तिर्जिनमर्चयित्वा लभे समाधिं त्विति पूजयामि ।।

ॐ ह्रीं समाधिगुप्तजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– આ અપાર સંસારની વિચિત્રતામાં સમાધિમરણ ન કરી શક્યો અને જેમણે તે સમાધિને પ્રાપ્ત કરી છે એવા શ્રી સમાધિગુપ્ત જિનેન્દ્રની હું સમાધિની પ્રાપ્તિ માટે પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૧૮॥

भावार्थ :– इस अपार संसार की विचित्रता में समाधिमरण नहीं कर पाया और जिन्होंने उस समाधि को पाया है उन समाधिगुप्त जिनेन्द्र की मैं समाधि की प्राप्ति के लिए पूजा करता हूँ। ॥०४॥१८॥

स्वयंभू जी

॥०४॥१९॥

स्वयं विनाऽन्यस्य सुयोगमात्मस्वशक्तिमुद्भाव्य निजस्वरूपे ।
व्यक्तो बभूवेति जिन: स्वयंभूर्दध्यात् शिवं पूजनयानयार्च्य: ॥

ॐ ह्रीं स्वयंभूजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :- જેમણે અન્યના સહયોગ વિના, સ્વયં પોતાની શક્તિને પ્રગટ કરી, પોતાના સ્વરૂપને વ્યક્ત કર્યું છે એવા શ્રી સ્વયંભૂ જિનની હું પૂજા કરું છું. તેઓ મને મોક્ષ પ્રદાન કરે. ॥૦૪॥૧૯॥

भावार्थ :- जिन्होंने अन्य के सहयोग के बिना, स्वयं अपनी शक्ति को प्रगट कर, अपने स्वरूप को व्यक्त किया है उन स्वयंभूजिन की मैं पूजा करता हूँ। वे मुझे मोक्ष प्रदान करें। ॥०४॥१९॥

कंदर्प जी

॥०४॥२०॥

कंदर्पनाम स्मरसद्भटस्य मुधैव नामेति तदर्दनोद्धः ।
प्रशस्तकंदर्प इयाय शक्तिं यतोऽर्चयेऽहं तदयोगबुद्धये ।।

ॐ ह्रीं कंदर्पजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કામરૂપ સુભટનું કંદર્પ નામ વ્યર્થ છે કારણ કે જેઓ તેને પરાસ્ત કરવામાં સમર્થ થઈને પ્રશસ્ત કંદર્પ થઈને આત્મશક્તિને પ્રાપ્ત થયા એવા શ્રી કંદર્પ જિનેન્દ્રની હું કામનો અભાવ કરવાની બુદ્ધિથી પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૨૦॥

भावार्थ :– कामरूप सुभट का कंदर्प नाम व्यर्थ है क्योंकि जो उसे परास्त करने में समर्थ होकर प्रशस्त कंदर्प होकर आत्मशक्ति को प्राप्त हुए उन श्री कंदर्प जिनेन्द्र की मैं काम के अभाव करने की बुद्धि से पूजा करता हूँ। ॥०४॥२०॥

जयनाथ जी

॥०४॥२१॥

अनेकनामानि गुणैरनंतैर्जिनस्य बोध्यानि विचारवद्धिः ।
जयं तथा न्यासमथैकविंशमनागतं संप्रति पूजयामि ।।

ॐ ह्रीं जयनाथजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– જિનેન્દ્રના અનંતગુણોને કારણે અનેક નામ જ્ઞાનીઓને જાણવાયોગ્ય છે. તેથી શ્રી જયનાથ તથા શ્રી ન્યાસ નામના ભવિષ્યકાળના જિનેન્દ્રની હું વર્તમાનમાં પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૨૧॥

भावार्थ :– जिनेन्द्र के अनंत गुणों के कारण अनेक नाम ज्ञानियों को जानने योग्य हैं। इसलिए जयनाथ तथा न्यास नामक भविष्यत कालीन जिनेन्द्र की मैं वर्तमान में पूजा करता हूँ। ॥०४॥२१॥

विमलेश जी

॥०४॥२२॥

अभ्यर्हितात्मप्रगुणस्वभावं मलापहं श्रीविमलेशमीशं ।
पात्रे निधायार्घ्यमफल्गुशीलोद्धुरप्रशक्त्यै जिनमर्चयामि ।।

ॐ ह्रीं विमलेशजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– પૂજ્ય અને આત્મગુણોના સ્વભાવરૂપ તથા મળને દૂર કરનારા શ્રી વિમલેશ જિનેન્દ્રની હું મહાન શીલની રક્ષા માટે પાત્રમાં અર્ઘ્ય સ્થાપિત કરીને પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૨૨॥

भावार्थ :– पूज्य और आत्मगुणों के स्वभावरूप तथा मल को दूर करनेवाले श्री विमलेश जिनेन्द्र की मैं महान शील की रक्षा की शक्ति के लिए पात्र में अर्घ स्थापित कर पूजा करता हूँ। ॥०४॥२२॥

दिव्यवाद जी

॥०४॥२३॥

अनेकभाषा जगति प्रसिद्धाः परंतु दिव्यो ध्वनिरर्हतो वै ।
एवं निरूप्यात्मनि तत्त्वबुद्धिमभ्यर्चयामो जिनदिव्यवादं ॥

ॐ ह्रीं दिव्यवादजिनायार्घ्यं ।

ભાવાર્થ :- આ જગતમાં અનેક ભાષાઓ પ્રસિદ્ધ છે પરંતુ દિવ્ય ભાષા અરિહંતની જ છે, એવી તત્ત્વબુદ્ધિથી આત્મામાં વિચાર કરીને આપણે શ્રી દિવ્યવાદ જિનેન્દ્રની પૂજા કરીએ છીએ. ॥૦૪॥૨૩॥

भावार्थ :- इस जगत में अनेक भाषाएँ प्रसिद्ध हैं परन्तु दिव्य भाषा अर्हंत की ही है, ऐसी तत्त्वबुद्धि से आत्मा में विचार करके हम दिव्यवाद जिनेन्द्र की पूजा करते हैं। ॥०४॥२३॥

अनंतवीर्य जी

॥०४॥२४॥

शक्तेरपारश्चित एव गीतस्तथापि तद् व्यक्तिमियर्ति लब्ध्या ।
अनंतवीर्यं त्वमगाः सुयोगात्त्वामर्चये त्वत्पदघृष्टमूर्ध्ना ॥

ॐ ह्रीं अनन्तवीर्यजिनायार्घम्।

ભાવાર્થ :– ચૈતન્યની અનંત શક્તિની વ્યક્તિ લબ્ધિથી થાય છે, આપ સુયોગથી અનંત શક્તિને પ્રાપ્ત થયા છો, તેથી હું આપના (શ્રી અનંતવીર્ય જિનેન્દ્રના) ચરણોમાં મસ્તક રાખીને પૂજા કરું છું. ॥૦૪॥૨૪॥

भावार्थ :– चैतन्य की अनन्तरशक्ति की व्यक्ति लब्धि से होती है, आप सुयोग से अनन्त शक्ति को प्राप्त हुए हैं, इसलिए मैं आपके चरणों में मस्तक रखकर पूजा करता हूँ। ॥०४॥२४॥

सामूहिक अर्घ

॥०४॥२५॥

काले भाविनि ये सुतीर्थधरणात् पूर्वं प्ररूप्यागमे
विख्याता निजकर्मसंततिमपाकृत्य स्फुरच्छक्तय: ।
तानत्र प्रतिकृत्यपावृतमखे संपूजिता भक्तित:
प्राप्ताशेषगुणास्तदीप्सितपदावाप्त्यै तु संतु श्रिये ।।

ॐ ह्रीं बिंबप्रतिष्ठोद्यापने मुख्यपूजार्ह चतुर्थवलयोन्मुद्रितानागत-चतुर्विंशतिमहापद्माद्यनंतवीर्यांतेभ्यो जिनेभ्य: पूर्णार्घम् ।

ભાવાર્થ :– જેઓ ભવિષ્યમાં તીર્થંકર પ્રકૃતિનો બંધ કરવાથી પૂર્વે આગમમાં પ્રસિદ્ધ છે, નિજકર્મોની પરંપરાને દૂર કરવાથી જેમને અનંત શક્તિ પ્રગટ છે, તેઓ અહીં જિનબિંબ યજ્ઞોમાં ભક્તિથી પૂજવામાં આવ્યા છે, જેમને સમસ્ત ગુણ પ્રાપ્ત થઈ ગયા છે, તે જિનેન્દ્ર પોતાનું પદ અમને આપવા માટે મોક્ષલક્ષ્મી આપે. ॥૦૪॥૨૫॥

भावार्थ :– जो भविष्य में तीर्थंकर प्रकृति का बंध करने से पूर्व आगम में प्रसिद्ध हैं, निज कर्मों की परम्परा को दूर करने से जिन्हें अनन्तरशक्ति प्रकट हुयी है, वे यहाँ जिनबिम्ब यज्ञ में भक्ति से पूजे गये हैं, जिन्हें समस्त गुण प्राप्त हो गये हैं, वे जिनेन्द्र अपना पद हमें देने के लिए मोक्ष लक्ष्मी देवें। ॥०४॥२५॥

पंचम वलय परिचय

<u>वलय में अर्घ्य की संख्या</u> : २१ (विहरमान २० तीर्थंकर के २० अर्घ्य और १ समुच्च्य अर्घ्य)

<u>वलय का विषय एवं संक्षिप्त परिचय :</u> इस वलय में विदेहक्षेत्र के २० तीर्थंकर भगवंतों की पूजन की है। श्री सीमंधर भगवान से लेकर श्री अजितवीर्य भगवान तक उन प्रत्येक तीर्थंकर को अर्घ्य समर्पित किया है।

<u>वलय एवं अर्घ्य का दृशिकरण :</u> इस वलय में ढाई द्वीप के ५ मेरु के पूर्व और पश्चिम विदेहक्षेत्र में स्थित २० विहरमान तीर्थंकरो के समवशरण (धर्मसभा) का दृशीकरण किया है। इन प्रत्येक समवशरण में सोनगढ़ के अध्यात्ममूर्ति पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के पवित्र करकमल से प्रतिष्ठित एवं उनके प्रभावना योग मैं स्थापित जिन प्रतिमाओं को दर्शाया गया है। यह ढाई द्वीप की डिजिटल रचना ढाईद्वीप जिनायतन (इन्दौर) के आधार से एवं धर्मसभा की रचना सोनगढ स्थित समवशरण के आधार से की गई है।

सीमंधर जी

॥०५॥०१॥

सीमंधरं मोक्षमहीनगर्याः श्रीहंसचित्तोदयभानुमंतं ।
यत्पुंडरीकाख्यपुरस्वजात्या पूतीकृतं तं महसार्चयामि ।।

ॐ ह्रीं सीमंधरजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– મોક્ષપૃથ્વીરૂપી નગરીની સીમાને ધારણ કરનારા, શ્રીમાન હંસરાજાના મનરૂપી ઉદયાચળમાં સૂર્ય સમાન તથા પોતાના જન્મથી પુંડરીકપુર નગરને પવિત્ર કરનારા શ્રી સીમંધર જિનેન્દ્રદેવની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૧॥

भावार्थ :– मोक्षपृथ्वीरूपी नगरी की सीमा को धारण करने वाले श्रीमान हंसराजा के मनरूपी उदयाचल में सूर्य समान तथा अपने जन्म से पुण्डरीकपुर नगर को पवित्र करनेवाले सीमंधर जिनेन्द्र की मैं पूजा करता हूँ। ॥०५॥०१॥

युग्मंधर जी

॥०५॥०२॥

युग्मंधरं धर्मनयप्रमाणवस्तुव्यवस्थादिषु युग्मवृत्तेः।
संधारणात् श्रीरुहभूपजातं प्रणम्य पुष्पांजलिनार्चयामि ।।

ॐ ह्रीं युग्मंधरजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– ધર્મ, નય, પ્રમાણ આદિ વસ્તુ વ્યવસ્થામાં યુગ્મ ભાવાર્થાત્ બેની પ્રવૃત્તિ છે, જેવી રીતે ધર્મ - મુનિ અને શ્રાવકના ભેદથી, નય - દ્રવ્યાર્થિક અને પર્યાયાર્થિકના ભેદથી, પ્રમાણ - પ્રત્યક્ષ અને પરોક્ષના ભેદથી, વસ્તુ વ્યવસ્થા - સ્વ-પરના નિમિત્તથી બે-બે રૂપ વૃત્તિને ધારણ કરવાથી યુગમંધર થયા અને શ્રીરૂહ નામક રાજાથી ઉત્પન્ન થયા, તે શ્રી યુગમંધર જિનેન્દ્રની હું પુષ્પાંજલિથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૨॥

भावार्थ :– धर्म, नय प्रमाण आदि वस्तु की व्यवस्था में युग्म भावार्थात् दो की प्रवृत्ति है, जैसे धर्म - मुनि और श्रावक के भेद से, नय - द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक के भेद से, प्रमाण - प्रत्यक्ष और परोक्ष के भेद से, वस्तु व्यवस्था - स्व-पर निमित्त के भेद से दो-दो रूप वृत्ति को धारण करने से युग्मंधर हुए एवं श्रीरुह नामक राजा से उत्पन्न हुए युग्मंधरजिनेन्द्र की मैं पुष्पांजलि से पूजा करता हूँ। ॥०५॥०२॥

बाहु जी

॥०५॥०३॥

सुग्रीवराजोद्भवमेणचिह्नं सुसीमपुर्यां विजयाप्रसूतं ।
बाहुं त्रिलाकोद्धरणाय बाहुं मखे पवित्रेऽर्चितमर्घयामि ।।

ॐ ह्रीं बाहुजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– સુગ્રીવ નામક રાજાથી ઉત્પન્ન, હરણ ચિહ્ન યુક્ત અને સુસીમા નગરીમાં વિજયા નામક રાણીના પુત્ર તથા ત્રણલોકનો ઉદ્ધાર કરવા માટે, બાહુની જેમ પૂજ્ય શ્રીબાહુ નામના તીર્થંકરની આ પવિત્ર યજ્ઞમાં અર્ધ્યથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૩॥

भावार्थ :– सुग्रीव नामक राजा से उत्पन्न, हरिण चिह्न युक्त और सुसीमा नगरी में विजया नामक रानी के पुत्र तथा तीन लोक का उद्धार करने के लिए बाहु की तरह पूज्य बाहु नामक तीर्थंकर की इस पवित्र यज्ञ में अर्घ से पूजा करता हूँ। ॥०५॥०३॥

सुबाहु जी

॥०५॥०४॥

निःशल्यवंशाभ्रगभस्तिमंतं सुनंदया लालितमुग्रकीर्तिं ।
अबंध्यदेशाधिपतिं सुबाहुं तोयादिभिः पूजितुमुत्सहेऽहं ।।

ॐ ह्रीं सुबाहुजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– નિઃશલ્ય વંશરૂપી આકાશમાં સૂર્ય સમાન, સુનંદા માતાથી લાલિત, વિસ્તૃત કીર્તિધારી તથા અબંધ્ય નામના દેશના સ્વામી શ્રી સુબાહુ તીર્થંકરની હું ઉત્સાહપૂર્વક જળ આદિથી દ્રવ્યોથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૪॥

भावार्थ :– निःशल्य वंशरूपी आकाश में सूर्य के समान, सुनंदा माता से लालित, विस्तृत कीर्तिधारी तथा अबंध्य नामक देश के स्वामी सुबाहु तीर्थंकर की मैं उत्साहपूर्वक जलादि द्रव्यों से पूजा करता हूँ। ॥०५॥०४॥

संजातक जी

॥०५॥०५॥

श्रीदेवसेनात्मजमर्यमांकं विदेहवर्षेप्यलकापुरिस्थं ।
संजातकं पुण्यजनुर्धरत्वात् सार्थाख्यमर्चेऽत्र मखे जलाद्यैः ।।

ॐ ह्रीं संजातकजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– શ્રીમાન દેવસેન રાજાના પુત્ર, સૂર્ય ચિહ્ન યુક્ત, વિદેહક્ષેત્રમાં પણ અલકાના સ્વામી પુણ્ય જન્મને ધારણ કરવાથી સાર્થક નામ યુક્ત એવા શ્રી સંજાતકસ્વામીની હું આ યજ્ઞમાં જળ આદિ દ્રવ્યોથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૫॥

भावार्थ :– श्रीमान देवसेन राजा के पुत्र सूर्य चिह्न युक्त, विदेहक्षेत्र में भी अलका के स्वामी पुण्य जन्म को धारण करने से सार्थक नाम युक्त ऐसे संजातकस्वामी की मैं इस यज्ञ में जलादि द्रव्यों से पूजा करता हूँ। ॥०५॥०५॥

स्वयंप्रभ जी

॥०५॥०६॥

स्वयं कृतात्मप्रभवत्वहेतोः स्वयंप्रभुं सद्धृदयस्वभूतं ।
सन्मंगलापूःस्थमनुष्णकांतिचिह्नं यजामोऽत्र महोत्सवेषु ॥

ॐ ह्रीं स्वयंप्रभजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– સ્વયંકૃત આત્મપ્રભાવના કારણે તેઓ શ્રી સ્વયંભૂ કહેવાય છે, જેઓ સત્પુરુષોના હૃદયમાં વિદ્યમાન છે. મંગલા નગરીના સ્વામી ચંદ્રના ચિહ્નથી યુક્ત એવા શ્રી સ્વયંપ્રભ તીર્થંકરની હું આ મહોત્સવમાં પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૬॥

भावार्थ :– स्वयंकृत आत्मप्रभाव के कारण जो स्वयंभू कहलाते हैं, जो सत्पुरुषों के हृदय में विद्यमान हैं, मंगला नगरी के स्वामी चन्द्रमा के चिन्हयुक्त ऐसे स्वयंप्रभ तीर्थंकर की मैं महोत्सव में पूजा करता हूँ। ॥०५॥०६॥

ऋषभानन जी

॥०५॥०७॥

श्रीवीरसेनाप्रसवं सुसीमाधीशं सुराणामृषभाननं तं ।
ईशं सुसौभाग्यभुवं महेशमर्चे विशालैश्चरुभिर्नवीनैः ।।

ॐ ह्रीं ऋषभाननदेवायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– શ્રીમતી વીરસેના માતાથી ઉત્પન્ન અને સુસીમા નગરીના સ્વામી તથા દેવોમાં ઈશ્વર તથા સૌભાગ્યની ખાણ એવા શ્રી ઋષભાનન મહેશની હું નવીન અને વિશાળ નૈવેદ્યથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૭॥

भावार्थ :– श्रीमती वीरसेना माता से उत्पन्न और सुसीमा नगरी के स्वामी तथा देवों में ईश्वर एवं सौभाग्य की खान ऐसे ऋषभानन महेश की मैं नवीन और विशाल नैवेद्य से पूजा करता हूँ। ॥०५॥०७॥

अनंतवीर्य जी

॥०५॥०८॥

यस्यास्ति वीर्यस्य न पारमभ्रे तारागणस्येव नितांतरम्यं ।
अनंतवीर्यप्रभुमर्चयित्वा कृतीभवाम्यत्र मखे पवित्रे ।।

ॐ ह्रीं अनंतवीर्यजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– જેવી રીતે આકાશમાં તારાગણનો પાર નથી, તેવી રીતે જેમના વીર્યનો પાર નથી તથા અત્યાધિક રમણીય એવા શ્રી અનંતવીર્ય પ્રભુની આ પવિત્ર યજ્ઞમાં પૂજા કરીને કૃતકૃત્ય થાઉં છું. ॥૦૫॥૦૮॥

भावार्थ :– जैसे आकाश में तारागण का पार नहीं है उसी प्रकार जिनके वीर्य का पार नहीं है तथा अत्यधिक रमणीय ऐसे अनंतवीर्य प्रभु की मैं इस पवित्र यज्ञ में पूजा करके कृतकृत्य होता हूँ। ॥०५॥०८॥

सूरिप्रभ जी

॥०५॥०९॥

वृषांकमुच्चैश्चरणे विभाति यस्यापरस्ताद् वृषभूतिहेतुः ।
सूरिप्रभुं तं विधिना महामि वार्मुख्यतत्त्वैः शिवतत्त्वलब्ध्यै ।।

ॐ ह्रीं सूरिप्रभजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– જેમના ચરણોમાં વૃષભનું ચિહ્ન સુશોભિત છે, જેઓ ભવ્યોને ભવિષ્યમાં ધર્મની વિભૂતિનું કારણ છે એવા શ્રી સૂરિપ્રભ જિનેન્દ્રની હું મોક્ષ પ્રાપ્તિ માટે જળ આદિ દ્રવ્યોથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૦૯॥

भावार्थ :– जिनके चरणों में वृषभ का चिह्न सुशोमित है, जो भव्यों को भविष्य में धर्म की विभूति के कारण हैं, ऐसे सूरिप्रभ जिनेन्द्र की मैं मोक्ष प्राप्ति के लिए जलादि द्रव्यों से पूजा करता हूँ। ॥०५॥०९॥

विशालप्रभ जी

॥०५॥१०॥

वीर्येशभूमीरुहपुष्पमिंद्रसल्लांछनं पुंडरपूष्किरीटं ।
विशालमीशं विजयाप्रसूतमर्चामि तद्ध्यानपरायणोऽहं ।।

ॐ ह्रीं विशालप्रभजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :- વીર્ય રાજાના પુત્ર તથા ઇન્દ્રના ચિહ્નથી યુક્ત અને પુંડરીકિણી નગરીના મુકુટરૂપ વિશાલ ઈશ તથા વિજયા માતાએ જેને જન્મ આપ્યો એવા શ્રી વિશાલપ્રભ તીર્થંકરના ધ્યાનમાં તત્પર થતો થકો હું તેમની પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૦॥

भावार्थ :- वीर्य राजा के पुत्र तथा इन्द्र के चिह्न से युक्त और पुण्डरीकिणी नगरी के मुकुटरूप विशाल ईश एवं विजया माता ने जन्में ऐसे विशालप्रभ तीर्थंकर के ध्यान में तत्पर होता हुआ मैं उनकी पूजा करता हूँ। ॥०५॥१०॥

वज्रधर जी

॥०५॥११॥

सरस्वतीपद्मरथांगजातं शंखांकमुच्चैः श्रियमीशितारं ।
संमान्य तं वज्रधरं जिनेंद्रं जलाक्षतैरर्चितमुत्करोमि ।।

ॐ ह्रीं वज्रधरजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– સરસ્વતી રાણી અને પદ્મરથ રાજાના પુત્ર તથા શંખના ચિહ્નથી યુક્ત, ઉત્કૃષ્ટ લક્ષ્મીના સ્વામી એવા શ્રી વજ્રધર જિનેન્દ્રની હું સન્માનપૂર્વક જલાક્ષત આદિ દ્રવ્યોથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૧॥

भावार्थ :– सरस्वती रानी और पद्मरथ राजा के पुत्र तथा शंख के चिह्न से युक्त उत्कृष्ट लक्ष्मी के स्वामी ऐसे वज्रधर - जिनेन्द्र की मैं सम्मान पूर्वक जल, अक्षत आदि द्रव्यों से पूजा करता हूँ। ॥०५॥११॥

चन्द्रानन जी

॥०५॥१२॥

वाल्मीकवंशांबुधिशीतरश्मिं दयावतीमातृकमंक्यगावं ।
सत्पुंडरीकिण्यवनं जिनेंद्रं चंद्राननं पूजयताज्जलाद्यैः ।।

ॐ ह्रीं चन्द्राननजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– વાલ્મીક વંશરૂપી સમુદ્રને વધારવા માટે ચંદ્રમા સમાન અને દયાવતી માતાના પુત્ર તથા ગાયના ચિહ્ન યુક્ત અને પુંડરીકિણી નગરીના પાલક એવા શ્રી ચંદ્રાનન જિનેન્દ્રની જલાદિક દ્રવ્યોથી પૂજા કરો. ॥૦૫॥૧૨॥

भावार्थ :– वाल्मीक वंशरूपी समुद्र को बढ़ाने के लिए चन्द्रमा के समान और दयावती माता के पुत्र तथा गौ के चिह्नयुक्त एवं पुण्डरीकिणी नगरी के पालक ऐसे चन्द्रानन जिनेन्द्र की जलादि द्रव्यों से पूजा करो। ॥०५॥१२॥

चन्द्रबाहु जी

॥०५॥१३॥

श्रीरेणुकामातृकमब्जचिह्नं देवेशमुत्पुत्रमुदारभावं ।
श्रीचंद्रबाहुं जिनमर्चयामि कृतुप्रयोगे विधिना प्रणम्य ।।

ॐ ह्रीं चन्द्रबाहुजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– શ્રીમતી રેણુકા માતાના પુત્ર અને કમળના ચિહ્ન સહિત, ઉદારભાવવાળા, શ્રી ચંદ્રબાહુ દેવેશ જિનેન્દ્રને નમસ્કાર કરીને હું યજ્ઞની વિધિમાં પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૩॥

भावार्थ :– श्रीमती रेणुका माता के पुत्र और कमल के चिह्न सहित, उदार भाव वाले चन्द्रबाहु देवेश जिनेन्द्र को नमस्कार कर मैं यज्ञ की विधि में पूजा करता हूँ। ॥०५॥१३॥

भुजंगम जी

॥०५॥१४॥

भुजंगमं स्वीयभुजेन मोक्षपंथावरोहाधृतनामकीर्तिम् ।
महाबलक्ष्मापतिपुत्रमर्चे चंद्रांकयुक्तं महिमाविशालं ।।

ॐ ह्रीं भुजंगमजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– પોતાની ભૂજાઓના બળથી મોક્ષમાર્ગમાં અવરોહણ કરવાથી સાર્થક નામવાળા અને મહાબલરાજાના પુત્ર તથા ચંદ્રના ચિહ્ન સહિત, મહિમાવાન, શ્રી ભુજંગમનાથ તીર્થંકરની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૪॥

भावार्थ :– अपनी भुजाओं के बल से मोक्षमार्ग में अवरोहण करने से सार्थक नामवाले और महाबल राजा के पुत्र तथा चन्द्रमा के चिह्न सहित महिमावान भुजंगमनाथ तीर्थंकर की मैं पूजा करता हूँ। ॥०५॥१४॥

ईश्वर जी

॥०५॥१५॥

ज्वालाप्रसूर्येन सुशांतिमाप्ता कृतार्थतां वा गलसेनभूपः ।
सोऽयं सुसीमापतिरीश्वरो मे बोधिं ददातु त्रिजगद्विलासां ।।

ॐ ह्रीं ईश्वरजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– જ્વાલા માતાના જેમનાથી શાંતિને પ્રાપ્ત થતી થકી, કૃતાર્થપણાને પ્રાપ્ત થતી થકી અને ગલસેન રાજા કૃતાર્થ થયા તે શ્રી સુસીમા નગરીના સ્વામી, શ્રી ઈશ્વર નામના તીર્થંકર ત્રણ જગતમાં શ્રેષ્ઠ રત્નત્રયરૂપી લક્ષ્મી મને પ્રદાન કરે. ॥૦૫॥૧૫॥

भावार्थ :– ज्वाला माता जिनसे शांति को प्राप्त होती हुयी कृतार्थपने को प्राप्त हुयी एवं गलसेन राजा कृतार्थ हुए वे सुसीमा नगरी के स्वामी ईश्वर नामक तीर्थंकर तीन जगत में श्रेष्ठ रत्नत्रय रूपी लक्ष्मी मुझे प्रदान करो। ॥०५॥१५॥

नेमिप्रभ जी

॥०५॥१६॥

नेमिप्रभं धर्मरथांगवाहे नेमिस्वरूपं तपनांकमीडे ।
वाश्चंदनैः शालिसुमप्रदीपैः धूपैः फलैश्चारुचरुप्रतानैः ।।

ॐ ह्रीं नेमिप्रमजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :–ધર્મરૂપી રથને ચલાવવામાં નેમિ સ્વરૂપ અને સૂર્ય ચિહ્નવાળા, એવા શ્રી નેમિપ્રભ તીર્થંકરની જળ, ચંદન, તાંદુલ, પુષ્પ, નૈવેદ્ય, દીપ, ધૂપ અને ફળથી પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૬॥

भावार्थ :– धर्मरूपी रथ के चलाने में नेमिस्वरूप और सूर्य चिह्न वाले ऐसे नेमिप्रभ तीर्थंकर की जल, चंदन, तंदुल,पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप और फल से पूजा करता हूँ। ॥०५॥१६॥

वीरसेन जी

॥०५॥१७॥

श्रीवीरसेनाप्रभवं प्रदुष्टकर्मारिसेनाकरिणे मृगेंद्रः ।
यः पुंडरीशं जिनवीरसेनं सद्भूमिपालात्मजमर्चयामि ।।

ॐ ह्रीं वीरसेनजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– શ્રીમતી વીરસેના માતાથી ઉત્પન્ન અને દુષ્ટ કર્મરૂપી વેરીઓની સેના માટે સિંહ સમાન તથા પુંડરીક નગરીના સ્વામી અને સમીચીન ભૂમિપાલ રાજાના પુત્ર એવા શ્રી વીરસેન જિનેન્દ્રની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૭॥

भावार्थ :– श्रीमती वीरसेना माता से उत्पन्न और दुष्ट कर्मरूपी वैरियों की सेना के लिए सिंह के समान तथा पुण्डरीक नगरी के स्वामी एवं समीचीन भूमिपाल राजा के पुत्र ऐसे वीरसेन जिनेन्द्र की मैं पूजा करता हूँ। ॥०५॥१७॥

महाभद्र जी

॥०५॥१८॥

यो देवराजक्षितिपालवंशदिवामणि: पूर्विजयेश्वरोऽभूत् ।
उमाप्रसूनो व्यवहारयुक्त्या श्रीमन्महाभद्र उदर्च्यतेऽसौ ।।

ॐ ह्रीं महाभद्रजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :- જે દેવરાજ રાજાના વંશમાં સૂર્ય સમાન અને વિજયા નગરીના સ્વામી હતા અને વ્યવહારનયથી ઉમા માતાથી ઉત્પન્ન થયા હતા એવા શ્રીમાન મહાભદ્રસ્વામીની હું શ્રેષ્ઠ પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૮॥

भावार्थ :- जो देवराज राजा के वंश में सूर्य के समान और विजया नगरी के स्वामी थे एवं व्यवहारनय से उमा नामक माता से उत्पन्न हुए थे, ऐसे श्रीमान महाभद्रस्वामी की मैं श्रेष्ठ पूजा करता हूँ। ॥०५॥१८॥

देवयश जी

॥०५॥१९॥

गंगाखनिस्फारमणिं सुसीमापुरीश्वरं वै स्तवभूतिपुत्रं ।
स्वस्तिप्रदं देवयशोजिनेंद्रमर्चामि सत्स्वस्तिकलांछनीयं ।।

ॐ ह्रीं देवयशोजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– ગંગામાતારૂપી ખાણના સ્ફુરાયમાન રત્નસ્વરૂપ અને સુસીમાનગરીના ઈશ્વર, સ્તવભૂતિરાજાના પુત્ર અને કલ્યાણ કરનારા, સમીચીન સ્વસ્તિકના ચિહ્નથી યુક્ત એવા શ્રી દેવયશો નામના જિનેન્દ્રની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૧૯॥

भावार्थ :– गंगा मातारूपी खानि के स्फुरायमान रत्नस्वरूप और सुसीमा नगरी के ईश्वर, स्तवभूति राजा के पुत्र एवं कल्याण को देनेवाले, समीचीन स्वस्तिक के चिह्न से युक्त ऐसे देवयशो नामक जिनेन्द्र की मैं पूजा करता हूँ। ॥०५॥१९॥

अजितवीर्य जी

॥०५॥२०॥

कनकभूपतितोकमकोपकं कृततपश्चरणार्दितमोहकं ।
अजितवीर्यजिनं सरसीरुहविशदचिह्नमहं परिपूजये ।।

ॐ ह्रीं अजितवीर्यजिनायार्घम् ।

ભાવાર્થ :– કનક રાજાના પુત્ર અને ક્રોધથી રહિત તથા તપશ્ચરણથી મોહને પીડિત (ક્ષય) કરનારા અને કમળના નિર્મળ ચિહ્નથી યુક્ત એવા શ્રી અનંતવીર્ય જિનેન્દ્રની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૫॥૨૦॥

भावार्थ :– कनक राजा के पुत्र और क्रोध से रहित तथा तपश्चरण से मोह को पीड़ित (क्षय) करने वाले, एवं कमल के निर्मल चिह्न युक्त ऐसे अनंतवीर्य जिनेन्द्र की मैं पूजा करता हूँ। ॥०५॥२०॥

सामूहिक अर्घ

॥०५॥२१॥

एवं पंचमकोष्ठपूजितजिना: सर्वे विदेहोद्भवा
नित्यं ये स्थितिमादधु: प्रतिपतत्तन्नाममंत्रोत्तमा: ।
कस्मिंश्चित्समयेऽभ्रषट्-विधुमितं पूर्णं जिनानां मतं
ते कुर्वंतु शिवात्मलाभमनिशं पूर्णार्घसंमानिता: ॥

ॐ ह्रीं बिम्बप्रतिष्ठाध्वरोद्यापने मुख्यपूजार्हपंचमवलयोन्मुद्रित विदेहक्षेत्रे सुषष्टिसहितैकशतजिनेश-सयुंक्त नित्यविहरमाणविंशतिजिनेभ्य:पूर्णार्घम्।

ભાવાર્થ :– આ રીતે વિદેહક્ષેત્રમાં ઉત્પન્ન વિદ્યમાન વીસ તીર્થંકરોની પાંચમા વલયમાં પૂજા કરવામાં આવી. જેમનું નામ જ ઉત્તમ મંત્ર સ્વરૂપ છે એવા તે તીર્થંકર કોઈ સમયે વિધુ ભાવાર્થાત્ એક, ષટ્ ભાવાર્થાત્ છ અને અભ્ર ભાવાર્થાત્ શૂન્ય આ રીતે એકસો સાઈઠ થઈ શકે છે અને નિત્યકાળની અપેક્ષાએ વીસ હંમેશા વિદ્યમાન રહે છે એવા પૂર્ણાર્ઘ્યથી પૂજિત તે જિન આપણને નિરંતર આત્મલાભ પ્રદાન કરો. ॥૦૫॥૨૧॥

भावार्थ :– इस प्रकार विदेहक्षेत्र में उत्पन्न विद्यमान बीस तीर्थंकरों की पंचम वलय में पूजा की गयी। जिनका नाम ही उत्तम मंत्र स्वरूप है ऐसे वे तीर्थंकर किसी समय अभ्र भावार्थात् शून्य, षट् भावार्थात् छह और विधु भावार्थात् एक इस तरह एक सौ साठ हो सकते हैं और नित्यकाल की अपेक्षा बीस हमेशा विद्यमान रहते हैं । वे जिन पूणार्घ से पूजित हमें निरंतर आत्म लाभ प्रदान करें। ॥०५॥२१॥

षष्ठम वलय परिचय

वलय में अर्घ्य की संख्या : ३७ (श्री आचार्य परमेष्ठी के ३६ गुण के ३६ अर्घ्य और १ समुच्चय अर्घ्य)

वलय का विषय एवं संक्षिप्त परिचय : षष्ठम वलय में हम श्री आचार्य परमेष्ठी के दर्शनाचार, ज्ञानाचार आदि पंचाचार, १२ प्रकार के अंतरंग एवं बहिरंग तप, उत्तम क्षमादि दश धर्म, मन, वचन एवं कायादि तीन गुप्ति और सामायिक आदि षट्-आवश्यक, ऐसे ३६ गुणो को याद करके प्रत्येक गुण की पूजन करते हैं और अंत में एक समुच्चय अर्घ्य चढ़ाते है।

वलय एवं अर्घ्य का दृशिकरण : संघ के नायक श्री आचार्य परमेष्ठी की वीतरागी और शांत मुद्रा, निरंतर आस्वाद में आनेवाले अतीन्द्रिय आनंद का, उनके निश्चय-व्यवहार स्वरूप का दृशिकरण करने का हमने प्रयत्न किया है। इस दृशिकरण के पीछे हमारा उद्देश्य यह है, कि हम सभी साधर्मी मुमुक्षु श्री आचार्य परमेष्ठी के गुणों का भावसहित पूजन करे और श्री आचार्य परमेष्ठी को अपने हृदय में विराजमान करे प्रत्येक अर्घ्य का दृशिकरण हमने अर्घ्य के भाव एवं श्री आचार्य परमेष्ठी के स्वरूप को ध्यान में रखकर किया है।

दर्शनाचार

॥०६॥०१॥

मोहात्ययादाप्तदृश: सपंचविंशातिचारत्यजनादवाप्तां ।
सम्यक्त्वशुद्धिं प्रतिरक्षतोऽर्चे आचार्यवर्यान् निजभावशुद्धान् ।।

ॐ ह्रीं दर्शनाचारसंयुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं ।

ભાવાર્થ :– મોહનીયના નાશથી જેમને સમ્યગ્દર્શનની પ્રાપ્તિ થઈ છે, પચ્ચીસ અતિચારોના અભાવથી દર્શનવિશુદ્ધિયુક્ત તથા તેની જ રક્ષામાં તત્પર આચાર્ય પરમેષ્ઠીની શુદ્ધભાવોની પ્રાપ્તિ માટે હું પૂજા કરુ છું. ॥૦૬॥૦૧॥

भावार्थ :– मोहनीय के नाश से जिन्हें सम्यग्दर्शन की प्राप्ति हुई है, पच्चीस अतीचारों के अभाव से दर्शनविशुद्धि युक्त तथा उसी की रक्षा में तत्पर आचार्यपरमेष्ठी की शुद्ध भावों की प्राप्ति के लिए मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०१॥

॥०६॥०२॥

विपर्ययादिप्रहृते: पदार्थज्ञानं समासाद्य परात्मनिष्ठं ।
दृढ़प्रतीतिं दधतो मुनींद्रानर्चे स्पृहाध्वंसनपूर्णहर्षान् ।।
ॐ ह्रीं दर्शनाचारसंयुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं ।

ભાવાર્થ :– સંશય, વિપર્યય અને અનધ્યવસાયના નાશથી આત્મા અને પરપદાર્થ સંબંધી સમ્યગ્જ્ઞાન પ્રાપ્ત કરી, આપ્ત, આગમ પદાર્થોની દૃઢ પ્રતીતિને ધારણ કરનારા, ઇચ્છાના અભાવથી પૂર્ણ હર્ષિત એવા આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરુ છું. ॥૦૬॥૦૨॥

भावार्थ:– संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय के नाश से आत्मा और पर पदार्थ संबंधी सम्यग्ज्ञान प्राप्त करके आप्त, आगम पदार्थों की दृढ़ प्रतीति को धारण करने वाले, स्पृहा के अभाव से पूर्ण हर्षित ऐसे आचार्य परमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०२॥

चारित्राचार

॥०६॥०३॥

आत्मस्वभावे स्थितिमादधानांश्चारित्रचारुव्रतधौर्यधर्तॄन् ।
द्विधा चरित्रादचलत्वमाप्तानार्यान् यजे सद्गुणरत्नभूषान् ।।

ॐ ह्रीं चारित्राचारसंयुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं ।

ભાવાર્થ :- આત્મસ્વભાવમાં સ્થિત રહેનારા વિશુદ્ધ ચારિત્રયુક્ત મહાવ્રતના ધારી, બંને પ્રકારના ચારિત્રમાં દૃઢ અને ગુણરૂપી રત્નોથી વિભૂષિત, આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૬॥૦૩॥

भावार्थ :- आत्म स्वभाव में स्थित रहने वाले विशुद्ध चारित्र युक्त महाव्रत के धारी दोनों प्रकार के चारित्र में दृढ़ और गुणरूपी रत्नों से विभूषित आचार्य परमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०३॥

तपाचार

॥०६॥०४॥

बाह्यांतरद्वैधतपोऽभियुक्तान् सुदर्शनाद्रिं हसतोऽचलत्वात् ।
गाढावरोहात्मसुखस्वभावान् यजामि भक्त्या मुनिसंघपूज्यान् ।।

ॐ ह्रीं तपआचारसंयुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं ।

ભાવાર્થ :– બાહ્ય અને અભ્યંતર તપથી યુક્ત, સુમેરુ સમાન અચળ અને અવગાઢ સમ્યક્ રૂપ, સુખસ્વભાવના ધારક એવા મુનિસંઘમાં પૂજ્ય આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૬॥૦૪॥

भावार्थ :– बाह्य और आभ्यन्तर तप सुमेरु के समान अचल और अवगाढ़ सम्यक्त्व रूप सुख स्वभाव के धारी ऐसे मुनि समूह में पूज्य आचार्य परमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०४॥

वीर्याचार

॥०६॥०५॥

स्वात्मानुभावोद्भटवीर्यशक्तिदृढाभियोगावनतः प्रशक्तान् ।
परीषहापीडनदुष्टदोषागतौ स्ववीर्यप्रवणान् यजेऽहं ॥

ॐ ह्रीं वीर्याचारसंयुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं ।

ભાવાર્થ :– પોતાના આત્માના અનુભવથી ઉદભવેલ વીર્ય શક્તિથી દ્રઢ, યોગની રક્ષામાં સાવધાન તથા દુષ્ટ મનુષ્ય, તિર્યંચ, દેવ દ્વારા ઉપસર્ગ થવા છતાં પણ પીડિત નહીં થનારા આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૬॥૦૫॥

भावार्थ :– अपनी आत्मा के उद्भव से उत्पन्न अंतरंग शक्ति से दृढ़ योग की रक्षा में सावधान दुष्ट मनुष्य, तिर्यंच, देव द्वारा उपसर्ग होने पर भी पीड़ित नहीं होने वाले आचार्यपरमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०५॥

अनशन

॥०६॥०६॥

चतुर्विधाहारविमोचनेन द्वित्र्यादिघस्रेषु तृषाक्षुधादेः ।
अम्लानभावं दधतस्तपस्थानर्चामि यज्ञे प्रवरावतारान् ।।

ॐ ह्रीं अनशनतपोयुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं ।

ભાવાર્થ :– ખાદ્ય, સ્વાદ્ય, લેહ્ય, પેય આ ચારે પ્રકારના આહારોના ત્યાગ સહિત એક, બે, ત્રણ પક્ષ, માસ આદિના ઉપવાસમાં પણ જેઓ ક્ષુધા, તૃષા આદિથી મલિનતાને પ્રાપ્ત નથી થતાં તથા તપમાં સ્થિત રહે છે એવા ઉત્કૃષ્ટ જન્મયુક્ત આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું યજ્ઞમાં પૂજા કરું છું. ॥૦૬॥૦૬॥

भावार्थ :– खाद्य, स्वाद, लेह्य, पेय इन चारों प्रकार के आहारों का त्याग कर एक दो तीन पक्ष, मास आदि के उपवास में भी जो क्षुधा, तृषा आदि से मलिनता को प्राप्त नहीं होते हैं एवं तप में स्थित रहते हैं ऐसे उत्कृष्ट जन्मयुक्त आचार्य परमेष्ठी की मैं यज्ञ में पूजा करता हूँ। ॥०६॥०६॥

अवमौदर्य

॥०६॥०७॥

त्रिभागभोज्ये क्षितिवेदवह्निग्रासाशने तुष्टिमतो मुनींद्रान् ।
ध्यानावधानाद्यभिवृद्धिपुष्टान् निद्रालसौ जेतुमितान् यजामि ।।

ॐ ह्रीं अवमोदर्यतपोऽभियुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घम् ।

ભાવાર્થ :– ત્રીજા ભાગના ભોજનમાં પણ એક, ચાર, ત્રણ, આદિ ગ્રાસમાત્ર ભોજનથી સંતુષ્ટ, સમર્થ એવા ધારણ કરવાવાળા, ધ્યાન અને અવગાહનની વૃદ્ધિથી પુષ્ટ તથા નિદ્રા અને આળસને જિતવામાં સમર્થ, એવા આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૬॥૦૭॥

भावार्थ :– तीन भाग मात्र भोजन में भी एक, चार, तीन, आदि ग्रास मात्र भोजन में संतोष धारण करने वाले ध्यान और अवधारणा की वृद्धि से पुष्ट तथा निद्रा और आलस को जीतने में समर्थ ऐसे आचार्य परमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०७॥

व्रत्तिपरिसंख्यान

॥०६॥०८॥

श्रृंगाग्रलग्नं वसनं नवीनं रक्तं निरीक्ष्यैव भुजिं करिष्ये ।
इत्यादिवृत्तौ निरतानलक्ष्यभावान् मुनींद्रानहमर्चयामि ।।

ॐ ह्रीं वृत्तिपरिसंख्यातपोऽभियुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घम् ।

ભાવાર્થ :– 'ગાયના શીંગડાના અગ્ર ભાગમાં લાગેલા નવીન લાલ વસ્ત્રને જોઈને ભોજન કરીશ.' ઈત્યાદિ પ્રકારની અટપટી વૃત્તિના લક્ષનો જેમનો અભિપ્રાય છે એવા આચાર્ય પરમેષ્ઠીની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૬॥૦૮॥

भावार्थ :– गौ के सींग के अग्र भाग में लगे नवीन लाल वस्त्र को देखकर भोजन करूँगा इस प्रकार की अटपटी विधि में प्रवीण एवं अलक्षित है अभिप्राय जिनका ऐसे आचार्य परमेष्ठी की मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०८॥

रसपरित्याग

॥०६॥०९॥

मिष्टाज्यदुग्धादिरसापवृत्तेः परस्य लक्ष्येऽप्यवभासनेन।
त्यागे मुदं चेष्टितमत्ययोगाद् धर्तॄन् गणेशाधिपतीन् यजामि ॥

ॐ ह्रीं रस-परित्यागतपोऽभियुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घम् ।

ભાવાર્થ :– મિષ્ટ, લવણ, દૂધ, ઘી આદિ રસોનું નિત્ય પરિવર્તન કરનારા, તેના ત્યાગની અન્યને જાણ નહીં થવા દેનારા તથા ચેષ્ટા વડે ત્યાગની પ્રસન્નતા નહીં દર્શાવનારા આચાર્યોની હું પૂજા કરું છું. ॥૦૬॥૦૯॥

भावार्थ :– मिष्ट, लवण, दुग्ध, घृत, आदि रसों का नित्य परिवर्तन करने वाले, दूसरों को अवभासन नहीं कराने वाले भावार्थात् अपने त्याग को अन्य को नहीं बताने वाले तथा त्याग में आनंद है उसे चेष्टा से भी नहीं बताने वाले आचार्यों की मैं पूजा करता हूँ। ॥०६॥०९॥

विविक्तशय्यासन

॥०६॥१०॥

दरीषु भूध्रोपरिषु श्मशाने दुर्गे स्थले शून्यगृहावलीषु ।
शय्यासने योग्यदृढासनेन संधार्यमाणान् परिपूजयामि ।।
ॐ ह्रीं विविक्तशय्यासनतपोभियुक्ताचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घम् ।

